भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2412
उत्तर देने की तारीख : 05.03.2020

एमएसएमई का विकास

2412. डॉ. ए. चेल्लाकुमारः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) देश में औद्योगिक क्षेत्र के समग्र विकास की तुलना में धीमी वृद्धि दर दर्ज कर रहा है;
(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान एमएसएमई क्षेत्र द्वारा दर्ज की गई विकास दर क्या है;
(ग) क्या सरकार ने पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान वर्तमान पंचवर्षीय योजना के दौरान तमिलनाडु सहित देश में एमएसएमई क्षेत्र में उद्यमियों की कुल संख्या बढ़ाने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) सरकार द्वारा अगले तीन वर्षों के दौरान तय किए गए विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/प्रस्तावित हैं?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री
(श्री नितिन गडकरी)

(क) और (ख) : राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार स्थिर मूल्य (2011-12) पर एमएसएमई क्षेत्र का विकास और औद्योगिक उत्पाद के सामान्य सूचकांक (आईआईपी) की विकास दर निम्नानुसार है:-

वर्ष	**एमएसएमई की विकास दर (प्रतिशत में)**	**औद्योगिक उत्पाद सामान्य सूचकांक की विकास दर (प्रतिशत में)**
2015-16	9.8	3.3
2016-17	8.1	4.6
2017-18	8.5	4.4

(ग) और (घ) : उद्योग आधार ज्ञापन (यूएएम) के अनुसार गत तीन वर्षों में तमिलनाडु राज्य सहित भारत में पंजीकृत एमएसएमई की कुल संख्या नीचे दी गई है:

वर्ष	**भारत**	**तमिलनाडु**
2016-17	2373058	267491
2017-18	1517455	217962
2018-19	2121545	232924

(ङ) : एमएसएमई मंत्रालय देश में एमएसएमई क्षेत्र में संवद्धि और विकास के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करता है। इन योजनाओं और कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), पारम्परिक उद्योगों के पुनरुत्थान के लिए निधि योजना (स्फूर्ति), नवोन्मेष, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता के संवर्धन की योजना (एस्पायर), एमएसएमई के लिए वृद्धिपरक ऋण हेतु ब्याज छूट योजना, सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना, सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी), क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी और प्रौद्योगिकी उन्नयन योजना (सीएलसीएस-टीयूएस) शामिल हैं।

*****